दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 14-04-2026

कराटे में 68 किलोग्राम वर्ग में दीक्षिका को स्वर्ण

भास्कर न्यूज़ | जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्रा दीक्षिका ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप में 68 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 4 से 9 अप्रैल तक डिब्रूगढ़ में आयोजित हुई, जिसमें देशभर के विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। दीक्षिका की इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है।

वीसी डॉ. राम पाल सैनी ने छात्रा को बधाई देते हुए 35 हजार रुपए की नकद पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने भी दीक्षिका को शुभकामनाएं देते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वहीं खेल निदेशक डॉ. नरेश देशवाल ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण है और भविष्य में भी खिलाड़ी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

दीक्षिता का मुंह मीठा करवाते हुए वीसी प्रो. रामपाल सैनी।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jind - 14 Apr 2026 - Page 2

आरएसयू की छात्रा दीक्षिका ने जीता गोल्ड

सीआरएसयू में विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते वीसी रामपाल सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की प्रतिभाशाली छात्रा दीक्षिका ने 68 किलोग्राम वर्ग में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विवि कराटे (महिला) चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक प्राप्त कर विवि का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता 4 से 9 अप्रैल तक डिब्रूगढ़, असम में आयोजित की, जिसमें देशभर के विभिन्न विवि के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

दीक्षिका की इस उपलब्धि से न केवल विवि, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विवि के कुलगुरु प्रो. डॉ. राम पाल सैनी ने विजेता खिलाड़ी को हार्दिक बधाई दी तथा उसे 35 हजार की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान करने की घोषणा की। कहा कि विवि खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं आधुनिक खेल अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने भी दीक्षिका को शुभकामनाएं।

अमर उजाला

Date-14.04.2026

छात्रा दीक्षिका ने कराटे में हासिल किया गोल्ड मेडल

सीआरएसयू में दीक्षिका को सम्मानित करते कुलपति प्रो. रामपाल और अन्य। स्रोत : विवि

संवाद न्यूज एजेंसी

city sports

जींद। सीआरएसयू की छात्रा दीक्षिका ने डिब्रूगढ़, असम में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे महिला चैंपियनशिप के 68 किलोग्राम भार वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। चार से नौ अप्रैल तक आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के सैकड़ों विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दीक्षिका को 35,000 रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं व आधुनिक खेल संरचना प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि यहां की प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का मान बढ़ा सकें।

कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने कहा कि उनकी यह मेहनत और अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। खेल निदेशक डॉ. नरेश देशवाल ने इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया।

उन्होंने कहा कि सीआरएसयू के खिलाड़ियों ने लगातार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर खेल परंपरा को समृद्ध किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने निर्णय लिया है कि खिलाड़ी के कैंपस पहुंचने पर उनका स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उचित मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प से खेल के मैदान में किसी भी ऊंचाई को छुआ जा सकता है।

दैनिक जागरण

Date-14.04.2026

दीक्षिका ने कराटे में जीता स्वर्ण पदक

खिलाड़ी दीक्षिका को सम्मानित करते सीआरएसयू अधिकारी। ● सौ. विवि

जासं ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्रा दीक्षिका ने आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। दीक्षिका ने 68 किलो भार वर्ग में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे (महिला) चैंपियनशिप में पदक हासिल किया। प्रतियोगिता चार से नौ अप्रैल तक असम के डिब्रूगढ़ में हुई थी। कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी, कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता व खेल निदेशक डा. नरेश देशवाल ने खिलाड़ी को बधाई दी।

Date-14.04.2026

सीआरएसयू की छात्रा दीक्षिका ने कराटे में जीता गोल्ड मेडल

जींद, 13 अप्रैल (हप्र)

जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्रा दीक्षिका ने 68 किलोग्राम वर्ग में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे (महिला) चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। 4 से 9 अप्रैल तक असम के डिब्रूगढ़ में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। दीक्षिका की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) राम

कराटे में गोल्ड मेडल जीतने वाली छात्रा को बधाई देते वीसी प्रो राम पाल सैनी।

पाल सैनी ने विजेता खिलाड़ी को हार्दिक बधाई दी तथा उसे 35,000 रुपये की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं आधुनिक खेल अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।